ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 24-08-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-08-24 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-08-25	2021-08-26	2021-08-27	2021-08-28	2021-08-29
वर्षा (मिमी)	20.0	10.0	35.0	40.0	15.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	34.0	33.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	25.0	25.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	95	95	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	60	65	65	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	12.0	12.0	12.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	120	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	5	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (17 – 23 अगस्त, 2021) में 19.2 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.5 से 26.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 84 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 66 से 85 प्रतिशत एवं हवा 2.9 से 8.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, 25 व 28 को हल्की वर्षा तथा 24, 26 व 27 को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.0 से 34.0 व 24.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 12.0किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 29 अगस्त से 4 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। आगामी 24 तथा 26 से 28 अगस्त को कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.30-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप पर निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 25 व 28 को हल्की वर्षा तथा 24, 26 व 27 को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान के खेत में शुरु की अवस्था में तना बेधक द्वारा 5 प्रतिशत मृत गोभ अथवा एक अण्डा समूह प्रति वर्ग मीटर होने पर रोपाई के 50 दिन के अंदर खेत में 2 इंच पानी रखकर क्लोरान्टानिलिप्रोले 0.4 जी के 10 किलोग्राम/हेक्टेयर या फिप्रोनिल 0.3 जी के 25 किग्रा/हेक्टेयर का प्रयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मक्का	यदि मक्का के 5 प्रतिशत से अधिक पौधे बेधक द्वारा ग्रसित हैं तो 150 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से कोरोजन का छिड़काव करें। रसायन का प्रयोग मौसम साफ होने पर करें।
अदरक	अदरक के उपरी तने पर सूडियॉ दिखने व अदरक के गलने की स्थिति में, पौधो को फिप्रोनिल 5 एस सी के 2मिली/लीटर घोल से ड्रेचिंग करें। रसायन का प्रयोग मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	फूलगोभी का भूरा होना या ब्राउन रोट, बोरान की कमी के कारण होता है, यह पानी से भरे क्षेत्रों पर दिखाई देती है और बाद में भूरे रंग में बदल जाती है। इससे बचाव हेतु, 1 किलोग्राम बोरेक्स को 500 लीटर पानी में घोलकर बुवाई के 30 दिन बाद छिड़काव करें। रसायन का प्रयोग मौसम साफ होने पर करें।
नींबू	नीबू में सिट्रस कैंकर रोग की रोकथाम हेतु सर्वप्रथम रोगग्रस्त एवं जो टहनियां आड़ी तिरछी है उन्हे भी काटकर पौधो को सही आकार देने के पश्चात ब्लू कॉपर 3ग्राम/लीटर दवा के हिसाब से छिड़काव करें। ध्यान रहे की रोगग्रस्त टहनियों को पौधो से काफी दूर जलाकर नष्ट करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	खुरपका एवं मुँहपका रोग से बचाव हेतु, यदि पशुओं में टीकाकरण नही करवाया है तो पशिुचिकित्सक की सलाह से टीकाकरण करवाएं। खुरपका एवं मुँहपका रोग से पीड़ित जानवरों को एक अलग बाड़े में रखा जाना चाहिए ताकि वे स्वस्थ पशुओं को संक्रमित नहीं करें। यदि क्षेत्र में एफएमडी प्रचलित है, तो अपने जानवरों को संक्रमित पशुओं के संपर्क में न आने दें।

मछली पालन विशिष्ट सलाह:

मछली पालन	मछली पालन विशिष्ट सलाह
कॉमन्स फिश	इस मौसम में वर्षा और बादल के कारण पानी में ऑक्सीजन की कमी व अमोनिया की अधिकता हो जाती है, जिससे मछलियों की मृत्यु हो सकती है अतः इससे बचाव हेतु पुराने पानी को बदल कर ऑक्सीजन युक्त नया पानी भरें। साथ ही टोक्सीमार को 10 किलो प्रति एकड़ की दर से तालाब में प्रयोग करें।